अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# Master in Current Affairs

For All Competitive Exams

**02 AUG 2023**

## TOP 10 NEWS With MCQs

**प्रमुख बिन्दु**

- राष्ट्रीय समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय समाचार
- खेल-कूद
- पुरस्कार/सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस
- बैंकिंग व अर्थव्यवस्था
- नव नियुक्तियाँ
- निधन
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी
- विविध घटनाएँ

**USEFUL FOR**

IAS | PCS

BANK | SSC

RAILWAY

S-TET | UPSI

STATE EXAMS

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. वर्ल्ड लंग्स कैंसर डे : 1 अगस्त**




- वर्ल्ड लंग्स कैंसर डे (World Lung Cancer Day) प्रतिवर्ष 1 अगस्त को पूरी दुनिया में मनाया जाता है.
- इसकी शुरुआत वर्ष 2012 में की गयी थी.
- इस दिवस का आयोजन, फेफड़े की घातक बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जाता है.
- भारत में लंग्स कैंसर के मामले 2022 में 1.46 मिलियन से बढ़कर 2025 में 1.57 मिलियन हो सकते हैं.

**2. पीएम मोदी को पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया**



- पीएम मोदी को पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार (Lokmanya Tilak National Award) से सम्मानित किया गया है.
- यह पुरस्कार 1983 में तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट द्वारा स्थापित किया गया था.
- यह पुरस्कार हर वर्ष 1 अगस्त को लोकमान्य तिलक की पुण्य तिथि पर दिया जाता है.
- प्रधान मंत्री इस पुरस्कार के 41वें प्राप्तकर्ता बने है.

**3. इंग्लैंड के क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया**



- इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है.
- एशेज़ 2023 का पांचवां टेस्ट उनके करियर का आखिरी टेस्ट मैच था.
- स्टुअर्ट ब्रॉड करियर की आखिरी गेंद पर छक्का जड़ने और गेंदबाज़ी में अंतिम गेंद पर विकेट लेने वाले इतिहास के पहले क्रिकेटर बन गए है.
- स्टुअर्ट ब्रॉड ने अपना टेस्ट आगाज 9 दिसम्बर 2007 को श्रीलंका के खिलाफ किया था.
- रॉड ने टेस्ट क्रिकेट में कुल 604 विकेट लिए है.

**4. भारत की G20 अध्यक्षता में, G20 एम्पावर शिखर सम्मेलन का आयोजन गुजरात में किया जा रहा**



- भारत की G20 अध्यक्षता के हिस्से के रूप में, G20 एम्पावर शिखर सम्मेलन (G20 EMPOWER Summit) का आयोजन गांधीनगर, गुजरात में किया जा रहा है.
- इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने G20 एम्पावर डिजिटल इंक्लूजन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया.
- इस दो दिवसीय सम्मेलन का थीम "महिला-नेतृत्व वाला विकास: टिकाऊ, समावेशी और न्यायसंगत वैश्विक आर्थिक विकास सुनिश्चित करना है".

### 5. पीएम मोदी ने राजस्थान में "यूरिया गोल्ड" लॉन्च किया

- 
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के सीकर में सल्फर से लेपित यूरिया की एक नई किस्म "यूरिया गोल्ड" लॉन्च की है।
- यूरिया का एक बैग, जो भारत में 266 रुपये में बेचा जाता है, पाकिस्तान में 800 रुपये, बांग्लादेश में 720 रुपये, चीन में 2,100 रुपये और अमेरिका में 3,000 रुपये में बेचा जा रहा है।
- **यूरिया गोल्ड क्या है?**
- यह यूरिया की एक नई किस्म है जो सल्फर से लेपित है, जिससे मिट्टी में सल्फर की कमी को पूरा करने की उम्मीद है।
- सल्फर-लेपित यूरिया, जिसे यूरिया गोल्ड के नाम से जाना जाता है, के प्रयोग से मिट्टी में सल्फर की कमी दूर हो जाएगी।


### 6. धर्मेन्द्र प्रधान ने 'उल्लास: नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के मोबाइल ऐप को लांच किया

- 
- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली में 'उल्लास: नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के लोगो, स्लोगन और मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ किया. उल्लास (अंडरस्टैंडिंग लाइफलॉन्ग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी) पहल बुनियादी साक्षरता को मजबूत करने के लिए शुरू किया गया है. इस ऐप को गूगल प्लेस्टोर या आईओएस ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है.

### 7. पीएम मोदी ने गुजरात में सेमीकॉन इंडिया 2023 कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया

- 
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के महात्मा मंदिर में सेमीकॉन इंडिया 2023 कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया है।
- सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति और विकास को प्रदर्शित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।
- सम्मेलन का विषय 'भारत के सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को उत्प्रेरित करना' है।
- सरकार ने 300 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों की पहचान की है जो कुशल इंजीनियर तैयार करने के लिए सेमीकंडक्टर क्षेत्र को समर्पित शैक्षणिक पाठ्यक्रम प्रदान करेंगे।

### 8. केरल भारत का पहला मत्स्य पालन अटल इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करेगा

- 

- केरल यूनिवर्सिटी ऑफ फिशरीज एंड ओशन स्टडीज (कुफोस) ने विश्वविद्यालय में मत्स्य पालन में भारत का पहला अटल इनक्यूबेशन सेंटर (एआईसी) स्थापित करने के लिए नीति आयोग से ₹10 करोड़ का अनुदान प्राप्त किया है।
- एआईसी पहल अटल इनोवेशन मिशन का हिस्सा है, जो देश में विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को प्रोत्साहित करना चाहता है।

- एआईसी शिक्षा, उद्योग और सरकार के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा, ज्ञान हस्तांतरण और अनुसंधान परिणामों के व्यावसायीकरण को प्रोत्साहित करेगा।

**9. फ़ॉर्मूला वन चैंपियन मैक्स वेरस्टैपेन ने बेल्जियम ग्रां प्री में लगातार आठवीं जीत दर्ज की**



- फ़ॉर्मूला वन चैंपियन मैक्स वेरस्टैपेन ने बेल्जियम ग्रां प्री में लगातार आठवीं जीत दर्ज की है.
- यह इस सीजन की उनकी कुल 10वीं जीत भी है.
- वह अपने साथी सर्जियो पेरेज़ से 22.3 सेकंड आगे रहे.
- इस रेस में फेरारी ड्राइवर चार्ल्स लेक्लेर तीसरे स्थान पर रहे.

**10. इसरो ने सिंगापुर के साथ सैटेलाइट्स को पीएसएलवी-C56 रॉकेट से लांच किया**



- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सिंगापुर के सात सैटेलाइट्स को पीएसएलवी-सी56 (PSLV-C56) रॉकेट से लांच किया.
- इसरो ने बताया कि प्रक्षेपण के 23 मिनट बाद रॉकेट उपग्रहों से अलग हो गया था.
- इसरो ने कहा, यह पीएसएलवी की 58वीं और कोर अलोन कॉन्फ़िगरेशन में पीएसएलवी की 17वीं लॉन्चिंग थी.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **वर्ल्ड लंग्स कैंसर डे प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**
   (a) 30 जुलाई
   (b) 31 जुलाई
   (c) 01 अगस्त
   (d) 02 अगस्त
2. **पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?**
   (a) द्रौपदी मुर्मू
   (b) नरेंद्र मोदी
   (c) राजनाथ सिंह
   (d) राहुल गांधी
3. **इंग्लैंड के किस क्रिकेटर ने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया?**
   (a) जेम्स एंडरसन
   (b) स्टुअर्ट ब्रॉड
   (c) मोईन अली
   (d) जोफ्रा आर्चर
4. **भारत की अध्यक्षता में G20 एम्पावर शिखर सम्मेलन का आयोजन किस शहर में किया जा रहा है?**
   (a) जयपुर
   (d) नई दिल्ली
   (c) गुवाहाटी
   (d) गांधीनगर
5. **प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में सल्फर से लेपित यूरिया की एक नई किस्म "यूरिया गोल्ड" लॉन्च की है?**
   (a) उत्तर प्रदेश
   (b) गुजरात
   (c) राजस्थान
   (d) महाराष्ट्र
6. **किस केन्द्रीय मंत्री ने 'उल्लास: नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के मोबाइल ऐप को लांच किया?**
   (a) राजनाथ सिंह
   (b) अमित शाह
   (c) स्मृति ईरानी
   (d) धर्मेन्द्र प्रधान
7. **प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में सेमीकॉन इंडिया 2023 कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया है?**
   (a) उत्तर प्रदेश
   (b) गुजरात
   (c) राजस्थान
   (d) महाराष्ट्र
8. **कौन सा राज्य भारत का पहला मत्स्य पालन अटल इन्क्यूबेशन सेंटर (एआईसी) स्थापित करेगा?**
   (a) केरल
   (b) तमिलनाडु
   (c) ओडिशा
   (d) आंध्र प्रदेश
9. **किस फ़ॉर्मूला वन खिलाड़ी ने बेल्जियम ग्रां प्री का टाइटल लगातार 8वीं बार जीता?**
   (a) सर्जियो पेरेज़
   (b) चार्ल्स लेक्लेर
   (c) मैक्स वेरस्टैपेन
   (d) डेनियल रिकियार्डो
10. **इसरो ने किस देश के साथ सैटेलाइट्स को पीएसएलवी-C56 रॉकेट से लांच किया?**
   (a) सिंगापुर
   (b) श्रीलंका
   (c) अर्जेंटीना
   (d) कम्बोडिया

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (a) | (b) | (d) | (c) | (d) | (b) | (c) | (c) | (a) |